सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य व बलिदान पर चर्चा की

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान धरोहर प्रोन्नति प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेकर विश्व में सिरमौर बनना चाहते हैं तो सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य व बलिदान को पाठ्यक्रम में बेहतर तरीके से पढाने व युवा पीढी को जानकारी देने की आवश्यकता है। लखावत मंगलवार को मारवाड़ राजपूत सभा भवन परिसर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान संस्थान द्वारा आयोजित सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 856 वीं जयंती समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

जोधपुर के मारवाड़ राजपूत सभा भवन परिसर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान संस्थान ने जयंती समारोह पर कार्यक्रम आयोजित किया।

लखावत ने कहा कि आज आवश्यकता सम्राट पृथ्वीराज चौहान के गुणों को जीवन में डालने की है। उन्होंने कहा कि पृथ्वीराज चौहान ने विदेशी युद्ध में हराया मोहम्मद गोरी को अनेक बार युद्ध में हराया व क्षमा भी किया ,परंतु अंतिम युद्ध में धोखे से हार हुई वह बंदी बनाए जाने के बावजूद शब्दभेदी बाण के द्वारा मोहम्मद गौरी का वध कर दिया। उन्होंने कहा कि मात्र 36 वर्ष की उम्र में पृथ्वीराज चौहान ने वीरता व राष्ट्र भक्ति का शानदार प्रदर्शन किया ।अपनी अल्पकाल की आयु में ही इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड दी।

समारोह के अध्यक्ष पूर्व नरेश सिरोही रघुवीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान के इतिहास के बारे में युवा पीढी को जानकारी देना आवश्यक है ताकि युवा पीढी उनसे प्रेरणा ले। पूर्व सांसद डॉ नारायण सिंह माणकलाव मेंकी 856 वर्ष बाद भी सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाना यह दर्शाता है कि वह राष्ट्र वीर पुरुष थे। समारोह को संबोधित करते हुए तारातरा मठ के संत प्रताप पुरी महाराज ने कहा कि हमें अपने कर्तव्य का बोध हो व कर्तव्य पथ पर चले। उन्होंने आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा ने की इतिहास में योग्य व्यक्ति ही स्थान प्राप्त करते हैं, उन्हीं का इतिहास बनता है ।हमें अपने महापुरुषों का स्मरण समय-समय पर करते रहना चाहिए ताकि भावी पीढी को उनका संदेश मिले ।उन्होंने समाज सुधार व कुरीतियों को मिटाने की भी बात की।

समारोह को चक्रवर्ती सिंह राखी, पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह अजमेर के संयोजक केवल प्रकाश, रावत युग प्रदीप सिंह राणावत, महेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन संयोजक सम्राट पृथ्वीराज चौहान संस्थान श्याम सिंह सजाडा ने दिया व प्रतिवेदन की प्रस्तुति संस्थान के महासचिव राजेंद्र सिंह पीपरली ने की। सम्राट पृथ्वीराज चौहान संस्थान के अध्यक्ष गोपाल सिंह रुदिया ने आभार व्यक्त किया।

समारोह में अतिथियों का स्वागत गोपाल सिंह रुदिया, राम सिंह रोहिणा, गोपाल सिंह भलासरिया, राजेंद्र सिंह पीपरली, कर्नल किशोर सिंह, मानसिंह पाल, अजीत सिंह भाटी, बिशन सिंह सोढा, भैरू सिंह खारिया, राजेन्द्र सिंह लीलिया, चंद्रपाल सिंह सजाडा, हनवन्त सिंह खींची, संग्राम सिंह रोहिचा, भंवर सिंह मकोडी, भंवर सिंह सर, दीप सिंह गादेरी, प्रभु सिंह संखवास, ईश्वर सिंह बोया, गोविंद सिंह धवा, भंवर सिंह धवा ने किया।

101 जनों ने रक्तदान किया

समारोह में राज बहादुर सिंह सिलारी के नेतृत्व में 101 रक्त दान दाताओं ने सभा भवन प्रांगण में रक्तदान किया। रक्तदान संग्रहण के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की टीम डॉक्टर कमल भास्कर गजेंद्र कच्छवाह चंदन सिंह, बजरंग सिंह, आकाश, दीपक व प्रभु सिंह संखवास शामिल थे।

सप्ताह तक चली विन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में पहला व दूसरा स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। इनमें सम्राट पृथ्वीराज चौहान की आकृति बनाने में प्रथम हिमांशु प्रजापत व द्वितीय जोएल मीना, 16 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम प्रशांत जैसवार, द्वितीय रिया देवडा व भाषण प्रतियोगिता में प्रथम दीक्षा राठौड व द्वितीय रही कुल गौरवी चौहान को सम्मानित किया गया।

मानवेन्द्र सिंह जसोल का सम्मान किया

जोधपुर, (कासं)। राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) मानवेन्द्र सिंह जसोल का जोधपुर आगमन पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा मंगलवार को स्वागत व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से कर्नल दलीपसिंह खंगारोत, प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चन्द्र शर्मा तथा केप्टन जशवन्त सिंह चापावत, सुबेदार रामसिंह इंदा, लेफ्टिनेट नारायणराम कल्याण संगठक, सार्जेन्ट चन्द्राराम विश्नोई, केप्टन कोजाराम, नायब सुबेदार स्वरूपराम चौधरी एवं जगदीश चारण, सैनिक विश्राम गृह के प्रभारी सुबेदार भीमसिंह भाटी तथा शहीद परिवारों से महावीर सिंह बेहचारणा, श्रवणदान, तथा 1965 के युद्ध विकलांग खींम सिंह के परिवार जन भोमसिंह झोलियाली द्वारा स्वागत किया गया।

शोक जताया

जोधपुर, (कासं)। हिन्दी और राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार चैन सिंह परिहार के निधन पर अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद ,हार्दिक दुख प्रकट करती है। परिहार का जुडाव परिषद से था। वे भावुक के पास आते जाते थे और और साहित्यिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाते थे। अच्छे रचनाकर, अच्छे इंसान थे।

तीन युवकों ने जान दी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के युवाओं में धैर्य खत्म होता जा रहा है। समस्याओं से घबराकर आत्महत्या करने की घटनाएं नित्य सामने आ रही है, मंगलवार को तीन युवकों ने मौत को गले लगा लिया। फिलहाल आत्महत्या का कारण यही सामने आ रहा है, वैसे अनुसंधान किया जा रहा है।

माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पुलिस कर्मी के पुत्र ने आज सुबह अपने हाथ की नसें काट कर सुसाइड कर लिया। वजह उसके द्वारा एक लडक़ी से प्रेमविवाह करना सामने आया है। लडक़ी ने सोमवार को हाईकोर्ट में परिजन के साथ जाने की इच्छा जताई थी। इसके बाद युवक अवसाद में आ गया और सुसाइड कर लिया। शव का दोपहर में मथुरादास माथुर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। बासनी औद्योगिक क्षेत्र सांगरिया में आए मोतीनगर में एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक ने कार्यालय परिसर में पंखे के हुक में रस्सी डालकर सुसाइड कर लिया। रात तीन बजे उसके चाचा नींद से पानी पीने उठे तब उसे फंदे पर लटका देखा। बाद में पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया।गुढ़ा विश्नोईयान स्थित मेघवालों की बस्ती में रहने वाले एक युवक ने सुबह अपने घर में फँदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

वह हाल ही में छत्तीसगढ़ से छुट्टी लेकर गांव आया था। उसकी गर्भवती पत्नी अपने पीहर में है। उसने छत्तीसगढ़ साथ चलने से इंकार कर दिया। इस बात से आहत होकर संभवत: युवक ने फंदा लगा लिया।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर

प्रधान कार्यालय : हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर-343001
Email: headoffice@jalorebank.com / Website: jalorebank.com/ Phone No. 94614-40881

क्रमांक/जानासर्वैंक/1773 ॥ टेण्डर सूचना ॥ दिनांक 06.06.2022

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.बैंक को अपनी विभिन्न शाखाओं हेतु अनुमानित 07 नवीन ए.सी (Branded 1.5 Ton, 3Star AC - Daikin, Haier, Lloyd,LG) क्रय करने हैं। अत: इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/कम्पनी अपनी निविदा मय विवरण सील बंद लिफाफे में दिनांक 13.06.2022 को सांय 4:00 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय में प्ररूतुत करे । विस्तृत विवरण बैंक की website : www.jalorebank.com पर उपलब्ध है ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.बैंक

SBI भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA

परिशिष्ट IV-A

{नियम 8(6) का परन्तुक देखें}

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधकशुदा है, का वास्तविक कब्जा **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (एसएआरबी), जयपुर (राज.)**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है'' ''जैसी है'', और ''जो कुछ भी है'' और ''दायित्व रहित'' के आधार पर ऋणी मेसर्स यू-क्लिक्स इंफ्रा लिमिटेड और श्रीमती विमला चौधरी पत्नी श्री धीरज चौधरी (निदेशक/गारंटर), श्री मोहित चौधरी पुत्र श्री धीरज चौधरी (निदेशक और गारंटर), श्री मनीष चौधरी पुत्र श्री धीरज चौधरी (निदेशक और गारंटर) और श्री प्रवीण चौधरी पुत्र श्री धीरज चौधरी (गारंटर) से **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (एसएआरबी), जयपुर (राज.)**, प्रतिभूत लेनदार की रु. 2,86,50,783/- दिनांक 04.10.2011 तक ब्याज शामिल करते हुए तथा इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे की वसूली हेतु दिनांक **27.06.2022** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम राशि निम्नतालिका अनुसार होगी। अग्रिम राशि बैंक/एमएसटीसी की वैब साइट पर दी गई प्रक्रिया अनुसार ई-नीलामी बंद होने से पूर्व जमा कराई जा सकती है।

अचल आस्तियों का विवरण	1. आरक्षित मूल्य 2. धरोहर राशि	समय
वाके शहर जोधपुर में ओलम्पिक के नाम से जानी जाने वाली 'ओलम्पिक टावर्स' 'ए ब्लॉक' पर निर्मित बहुमंजिला भवन के बेसमेंट तल पर निर्मित (अंडर ग्राउण्ड) का आधा भाग ब्लॉक बी व्यावसायिक बिना छत के स्वामित्व के जिसका क्षेत्रफल बैंक रिकॉर्ड के अनुसार बिल्टअप एरिया 1115.625 वर्गफिट है। **CERSAI ID-100001875897 दिशा:** उत्तर में: अन्य शो-रूम है। दक्षिण में: बेसमेंट का भाग-''ए'' है। पूर्व में: शो-रूम व बेसमेंट का भाग-''ए'' है। पश्चिम में: अंडर ग्राउण्ड की दीवार है।	1. रू. 34.58 लाख 2. 3.46 लाख	11.00 AM से 03.30 PM

इच्छुक बोलीदाता एमएसटीसी के पास प्री-बिड ईएमडी की राशि ई-नीलामी बंद होने से पूर्व जमा कर सकते है। एमएसटीसी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। इन कार्यवाहियों को अद्यतन/अपडेट होने में बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि पर्याप्त समय रहते जमा करें।

ऋण भार:- उपरोक्तानुसार के अलावा ज्ञात नहीं।

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा (एसएआरबी), जयपुर (राज.)** प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others एवं https://ibapi.in/Sale_Info_Home.aspx पर देखें।

तारीख: 04.06.2022 , स्थान: जयपुर (राज.)। प्राधिकृत अधिकारी

Website: bank.sbi
Tel. : +91-141 265811, 2657989
Fax : +91-141 2657926, 2657921
E-mail: sbi.18184@sbi.co.in

तनावग्रस्त अस्ति वसूली शाखा
तीसरी मंज़िल, मेट्रिक्स मॉल, सैक्टर-4,
जवाहर नगर, जयपुर-302004

उत्कर्ष एप के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में छाए

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी बारहवीं (कला, वाणिज्य एवं विज्ञान वर्ग) बोर्ड परीक्षाओं में उत्कर्ष एप के विद्यार्थियों ने आशानुरूप श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य भर में अपना परचम लहराया।

एकेडमिक डायरेक्टर एस.वी. सिंह ने बताया कि राजस्थान के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के हजारों विद्यार्थी अपनी स्कूली शिक्षा के बाद उत्कर्ष एप से ऑनलाइन जुड कर ट्यूशन एवं मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। 2021-22 के शैक्षणिक सत्र के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कर्ष एप के माध्यम से ऑनलाइन ट्यूशन करते हुए विज्ञान वर्ग में प्रशांत शर्मा ने 98.6 प्रतिशत, कॉमर्स में करण लीलावत ने 97.6 प्रतिशत तथा आर्ट्स में मोहित काला ने 98.8 प्रतिशत अंकों से सफलता हासिल की। इसके अलावा इन परीक्षा परिणामों में उत्कर्ष एप के कुल विद्यार्थियों में से कला वर्ग के 22, वाणिज्य वर्ग के 04 तथा विज्ञान वर्ग के कुल 26 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंकों से परीक्षा परिणाम हासिल कर अपना गौरव बढाया है। उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक डॉ. निर्मल गहलोत सहित सभी गुरुजनों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की।

शर्मा जोधपुर के अगले स्टेशन डायरेक्टर होंगे

जोधपुर, (कासं)। भारतीय रेल सेवा के यांत्रिक अभियांत्रिकी अधिकारी ललित शर्मा होंगे जोधपुर के अगले स्टेशन डायरेक्टर। यह आदेश प्रधान कार्यालय से मंगलवार को जारी हुए। शर्मा अभी रेलवे कारखाने के उप मुख्य इंजीनियर पर पदासीन है। शर्मा को रेलवे के हर क्षेत्र में रेल कार्य बेहतरीन अनुभव प्राप्त है। पूर्व में डीजल लोको शेड, शकूरबस्ती, दिल्ली डिवीजन तथा बाद में डीजल लोको शेड, भगत की कोठी, डीजल लोको शेड, आबूरोड में कार्यरत रहने के साथ ही लोको रनिंग स्टाफ के पॉवर ऑफिसर, जोधपुर और कोचिंग और वैगन विभाग, अजमेर में भी अधिकारी रहे हैं।

जे.डी.ए. के शिविर जारी

जोधपुर, (का.सं.)। डॉ. इन्द्रजीत यादव आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के निर्देशानुसार प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत प्राधिकरण में नियमित रूप से जोनवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज बुधवार 8 जून 2022 को जोन उत्तर ग्राम भदवासिया के समस्त अनुमोदित खसरें एवं जोन पूर्व ग्राम झालामण्ड खसरा संख्या 116, 75, 136 व 137, 126, 24 व 77, 15 व 16, 732 व बट्टा नम्बर एवं नवीन प्रस्तावित योजनाओं व खसरों हेतु जेडीए कार्यालय में शिविर रखा गया है। जोन पश्चिम ग्राम चौपासनी खसरा संख्या 54, 55, 56, 58 व बट्टे नम्बर, 175/74, 74 176/74, 216/74, 173/74, 76 हेतु चौपासनी लक्ष्मीनारायण मन्दिर, पीएफ ऑफिस के पीछे, झंवर रोड जोधपुर शिविर का आयोजना रखा गया है।

मंगलवार को प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविरों के दौरान उपायुक्त पश्चिम नीरज मिश्र, उपायुक्त दक्षिण अनिल पूनिया, उपायुक्त पूर्व श्रवणसिंह, उपायुक्त उत्तर चंचल वर्मा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित मौजूद रहे। मंगलवार को प्राधिकरण द्वारा शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण कर कुल 73 पट्टें जारी करते हुए विभिन्न कार्य सम्पादित किए गए। शिविरों में आमजन द्वारा पट्टा, नाम हस्तांतरण, भवन निर्माण अनुमति, भूखण्डों के उप-विभाजन एवं पुर्नगठन, खांचा भूमि आवंटन, लीज राशि से संबंधित प्रकरण इत्यादि आवेदन किया जा सकता है।

भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

देश ने है ठाना,

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ 100% लोगों तक है पहुँचाना

- 3.3 करोड़ से अधिक लोगों का आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त इलाज; PM-ABHIM से हर जिले में हो रहा स्वास्थ्य सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार
- 1.18 लाख से अधिक हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खुले, 22 करोड़ से ज्यादा डिजिटल हेल्थ आईडी बने
- 8700 से अधिक जन औषधि केंद्रों से करोड़ों लोगों ने सस्ती दर पर अच्छी दवाएं खरीदीं; पिछले आठ वर्षों में जरूरतमंदों के लगभग 15 हजार करोड़ रुपये बचे
- स्वास्थ्य संबंधी परंपरागत उपायों पर फोकस - योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई, अलग से आयुष मंत्रालय का गठन
- बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं के लिएं समुचित पोषण व समय पर टीकाकरण सुनिश्चित
- पिछले आठ सालों में 15 नए एम्स, मेडिकल कॉलेज 387 से बढ़कर 596, मेडिकल कॉलेजों की सीटें 82 हजार से बढ़कर 1.5 लाख हुईं; नेशनल मेडिकल कमीशन के गठन से चिकित्सा क्षेत्र में हुआ बड़ा बदलाव
- भारत में विश्व का सबसे बड़ा और मुफ्त टीकाकरण अभियान- 194 करोड़ से अधिक कोविड वैक्सीन डोज़ लगाए गए
- कोविड महामारी की चुनौती का जनसामर्थ्य से सफलतापूर्वक सामना; 'टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और वैक्सीनेशन' जैसी कुशल रणनीति और उत्कृष्ट चिकित्सा साधनों को जन-जन को उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण कदम

davp 22201/13/0029/2223

8 साल सेवा, सुशासन ग़रीब कल्याण

" बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सिर्फ़ बीमारी के इलाज तक ही सीमित नहीं होतीं, ये सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती हैं। जब किसी ग़रीब को सस्ता और उत्तम इलाज सुलभ होता है तो उसका व्यवस्था पर भरोसा मजबूत होता है। "

— नरेन्द्र मोदी—